>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highways in the country.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अपनी बात कहने का मौका दिया है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्गों की ओर ले जाना चाहता हूं। आज पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति ठीक नहीं है। मैं विशेष रूप से मध्य प्रदेश का उल्लेख करना चाहता हूं। पिछले सत्र के समय माननीय मंत्री जी ने हम लोगों को बुलाया था और उन्होंने कहा था कि मध्य प्रदेश में जिन राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत ठीक नहीं है और जिनको ठीक करने की जिम्मेदारी भारत सरकार की है, उन्हें हम फरवरी मार्च तक सुधारने का काम करेंगे। दुर्भाग्य की बात है कि फरवरी माह बीत गया है और अभी तक उन सड़कों की यथावत स्थिति है। मैं अपने लोकसभा क्षेत्र सतना शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 75 की ओर भारत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। शहर की आबादी लगभग चार लाख से अधिक है और सिंगल सड़क है। यह राष्ट्रीय मार्ग शहर के बीच में से हो कर गुजरता है। यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे सैकड़ों बेगुनाह लोगों की मृत्यु हो चुकी है। मध्य प्रदेश सरकार ने सतना शहर का बायपास बनाने एवं बेला तक चार लेन सड़क बनाने हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है। वर्तमान में उक्त प्रकरण एनएचडीपी फेज-IV A On P.P.P. बेसिस में एसएफसी कमेटी तथा योजना आयोग के पास विचाराधीन है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे स्वीकृति दे दें, ताकि वहां बेगुनाह लोगों की जो लगातार मौतें हो रही हैं, उन्हें बचाया जा सके।